राजस्थान सरकार
आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर
Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan
Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Skill-Entrepreneurship/2020-21/386;

दिनांक : 22 March 2021

संशोधित कार्यालय आदेश

विद्यार्थियों में रोजगारपरक क्षमता विकास हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान द्वारा किये जा रहे प्रयासों के अन्तर्गत 10 संस्थाओं के साथ MoU भी हस्ताक्षरित किये गये हैं। इसी प्रकार के प्रयासों के अन्तर्गत ही राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत **विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने तथा उनका मार्गदर्शन एवं काउंसलिंग हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा द्वारा विभिन्न महाविद्यालयों में एक दिवसीय कार्यशालाओं का आयोजन करवाया जा रहा है, जिसके लिये चार चरण में 36 राजकीय महावधिालयों का चयन करके ये कार्यशालाएं आयोजित करवाई जा रही हैं। इसी कम में तृतीय चरण में दिनांक 23 – 26 मार्च 2021 को आयोजित हो रही कार्यशालाओं के कार्यक्रम आयोजन के लिये संबंधित महाविद्यालयों को आयोजन व्यवस्थाएं सुनिश्चित करवाने हेतु निर्देशित किया जाता है।**

इस संबंध में दिनांक 18 मार्च 2021 को आदेश क्रमांक 384 से जारी आदेश में अपरिहार्य कारणों से आवश्यक संशोधन करते हुए **राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय उदयुपर में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को आगामी आदेश तक स्थगित किया जाता है।** इन कार्यशालाओं के सफल, प्रभावी एवं विद्यार्थी हितपरक आयोजन तथा राज्य सरकार द्वारा विद्यार्थियों में रोजगरोन्मुख कौशल क्षमता विकास के लिये किये जा रहे अन्य कार्यक्रमों की विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी उपलब्ध करवाने के साथ साथ कौशल विकास के लिये महाविद्यालयों द्वारा किये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के नवाचाार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ के निम्नलिखित अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि वे निम्नलिखित कार्यक्रमानुसार कार्यशालाओं/महाविद्यालयों में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए निर्देशित कार्य निष्पादन करें।

तृतीय चरण कार्यशाला आयोजन कार्यक्रम 22 – 26 मार्च 2021

क.सं.	जिला	महाविद्यालय का नाम	आयोजन तिथी	अधिकारियों का नाम
1.	राजसमंद	राजकीय महाविद्यालय नाथद्वारा	23 मार्च 2021	डा. विनोद कुमार भारद्वाज
2.		राजकीय कन्या महाविद्यालय नाथद्वारा	23 मार्च 2021	
3.	प्रतापगढ	राजकीय महाविद्यालय प्रतापगढ	24 मार्च 2021	
4.		राजकीय कन्या महाविद्यालय प्रतापगढ	24 मार्च 2021	
5.	चितौडगढ	राजकीय महाविद्यालय चितौडगढ	25 मार्च 2021	
6.		राजकीय कन्या महाविद्यालय चितौडगढ	25 मार्च 2021	
7.	भीलवाडा	राजकीय महाविद्यालय भीलवाडा	26 मार्च 2021	
8.		राजकीय कन्या महाविद्यालय भीलवाडा	26 मार्च 2021	

इस कार्यशाला के आयोजन के संबंध में यह भी निर्देशित है कि –

1. इन कार्यशालाओं के आयोजन में कोरोना की दृष्टि से सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अधिकाधिक संख्या में विद्यार्थियों की सहभागिता के लिये महाविद्यालय व्यवस्था करें। इन कार्यशालाओं के आयोजन की एक रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें।

2. संबंधित जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों महाविद्यालयों के नवाचार एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारी भी इन कार्यशालाओं में उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला उपरान्त जिले के संभी राजकीय महाविद्यालयों के नवाचार एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारी उनके द्वारा महाविद्यालयों में कौशल विकास हेतु किये जा रहे प्रयासों एवं प्रगति रिपोर्ट के साथ समीक्षा बैठक में उपस्थित रहेंगे। इस प्रयोजनार्थ संबंधित जिले के DRAC अध्यक्ष प्राचार्य अपने स्तर पर एक आदेश जारी करके जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों महाविद्यालयों के नवाचार नवाचार एवं कौशल विकास प्रभारी अधिकारियों को इस कार्यशाला एवं तदोपरान्त समीक्षा बैठक में उपस्थित रहने हेतु सूचना/निर्देश जारी करें।

3. आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर के नवाचाार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ संबंधित अधिकारी/अधिकारियों को इस आदेश की पालना में की गई यात्राओं के लिये उनके संबंधित पदस्थापन महाविद्यालयों से उनके यात्रा एवं दैनिक भत्तों के नियमानुसार पुनर्भरण की अनुमति प्रदान की जाती है।

संदेश नायक, IAS
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा

पत्रांकः CCE/ISDC/ Skill-Entrepreneurship /2020-21/387.; दिनांक : 22 March 2021

सूचनार्थ प्रतिलिपिः

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. संयुक्त निदे ाक, HRD आकाि ा, जयपुर।
4. समस्त उपर्युक्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान।
5. प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय कोटपूतली/बी.एन.डी. चिमनपुरा/बांदीकुई, को संबंधित अधिकारियों को इस आदेश की पालना में की गई यात्राओं के लिये यात्रा एंव दैनिक भत्तों के नियमनुसार पुनर्भरण हेतु।
6. संबंधित नामित अधिकारीगण, आकाशि, जयपुर।
7. प्रभारी अधिकारी, मनसा मानव कल्याण संस्थान, जयपुर।
8. वैब प्रभारी, आकाशि को वैबसाइट पर अपलोड करने एवं संबंधितों को ई–मेल करने हेतु।
9. रक्षित पत्रावली।

22/3/2021
डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी,
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ